दिनांकः 22.09.2024 समय : 01:00 पी.एम.

प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

खाद्य प्रसंस्करण मंत्रालय की ओर से आयोजित वर्ल्ड फूड इण्डिया उत्सव के तीसरे संस्करण का आज समापन हो रहा है। नई दिल्ली के भारत मंडपम में चार दिन तक चले इस आयोजन के दौरान खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र के अलावा संबद्ध क्षेत्रों को प्रदर्शन का मौका मिला। कार्यक्रम में 90 से अधिक देश, 26 राज्य और केंद्र शासित प्रदेश तथा 18 केंद्रीय मंत्रालयों ने हिस्सा लिया। इस उत्सव का लक्ष्य खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र में नवाचार तथा प्रौद्योगिकी और स्थायित्व के प्रयासों में समन्वय करना था।

....

अजमेर के महर्षि दयानंद सरस्वती विश्वविद्यालय में आज अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ की ओर से शिक्षक सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है। राज्यपाल हरिभाऊ किसनराव बागड़े भी कार्यक्रम में शिरकत कर रहे हैं। सम्मेलन में राष्ट्रीय शिक्षा नीति के क्रियान्वयन, समसामयिक राष्ट्रीय विषयों पर चर्चा, तथा शिक्षक समस्याओं पर गहन विचार विमर्श किया जा रहा है।

....

जैसलमेर जिले को हरा–भरा करने के उद्देश्य से आज एक घंटे में पांच लाख पौधे लगाने का लक्ष्य रखा गया। इस विशेष पौधारोपण अभियान का आयोजन प्रादेशिक सेना और जिला प्रशासन की ओर से छह चयनित स्थानों पर किया गया। इस अभियान के तहत नीम, गुलमोहर, रोहिड़ा, खेजड़ी, कुमट, करंज, इमली और बैर के पौधे लगाए गए। अभियान में थल और वायु सेना सहित राज्य सरकार के विभिन्न विभागों की हिस्सेदारी रही। अभियान को सफल बनाने में सभी सरकारी विभागों के अलावा विभिन्न संगठनों और जनप्रतिनिधियों सहित आमजन भी अपनी भागीदारी निभाई।

....

जैसलमेर में 'स्वच्छता ही सेवा'' अभियान के तहत नगर परिषद की ओर से शहरी आजिविका केन्द्र पर आज रिड्यूज, रियूज और रिसाइकिल सेंटर का शुभारंभ किया गया। केंद्र में महिलाओं को सेंटर के बारे में जानकारी दी जा रही है। साथ ही उन्हें रिसाइकलिंग की गई वस्तुओं को मरू महोत्सव में विक्रय कर अपनी आजीविका से आय बढाने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है।

....

जोधपुर एम्स के आहार विज्ञान विभाग की ओर से पोषण माह के तहत विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। पोषण से जुड़े सभी आवश्यक तत्वों को शामिल करते हुए समग्र पोषण विषय पर कल प्रदर्शनी लगाई गई। इसमें गर्भाधान से लेकर वृद्धावस्था तक सभी आयु समूहों के लिए स्वस्थ आहार संबंधी आदतों को बढ़ावा देने वाले कई सूचनात्मक प्रदर्शन और लाइव डेमोंस्ट्रेशन शामिल थे।

....

जयपुर के खोले के हनुमान जी मंदिर परिसर में रोप वे पर कल जिला प्रशासन की ओर से मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। अतिरिक्त जिला कलक्टर शैफाली कुशवाह के नेतृत्व में हुई इस मॉक ड्रिल में नागरिक सुरक्षा विभाग, एनडीआरएफ और एसडीआरएफ के जवानों ने रोपवे में फंसे यात्रियों को सकुशल निकाला गया। श्रीमती कुशवाह ने बताया कि मॉक ड्रिल के दौरान जवानों और स्वयं सेवकों ने अपने कौशल, तकनीक और प्रतिभा के दम पर ऊंचाई पर रोप वे की ट्रॉली में फंसे हुए यात्रियों तक समय रहते सहायता पहुंचाई। इस मॉक ड्रिल का उद्देश्य रोप वे जैसी ऊंचाई वाले स्थानों से प्रभावितों के सकुशल रेस्क्यू के लिए जरूरी इंतजामों को सुनिश्चित करना है।

....

वर्ल्ड राइनो डे के मौके पर आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गैंडों की सुरक्षा के लिए भारत की प्रतिबद्धता दोहराई है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में श्री मोदी ने उन सामाजिक कार्यकर्ताओं की सराहना की है, जो पिछले कई सालों से गैंडों के संरक्षण के प्रयासों में शामिल रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह गर्व की बात है कि भारत में बड़ी संख्या में एक सींग वाले गैंडे पाए जाते हैं। उन्होंने असम में काजीरंगा की अपनी यात्रा को याद किया और सभी से वहां भी जाने का आग्रह किया।

....

हनुमानगढ़ के पीलीबंगा में कल राज्य स्तरीय अंडर–14 शतरंज प्रतियोगिता का समापन हुआ। चार दिन तक चली इस प्रतियोगिता में साढे चार सौ खिलाड़ियों ने भाग लिया। बालिका वर्ग में उदयपुर पहले स्थान पर रहा। जयपुर शहर ने दूसरा और कोटा ने तीसरा स्थान हासिल किया। वहीं बालक वर्ग में जोधपुर पहले, उदयपुर दूसरे और भीलवाड़ा तीसरे पायदान पर रहा।

....